भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या – 195

सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)

आठवें वेतन आयोग का गठन

195. श्री आनंद भदौरिया:
क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जून, 2024 माह के दौरान आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन के संबंध में विभिन्न पक्षों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी अभ्यावेदन-वार ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) देश में अभूतपूर्व महंगाई को देखते हुए सरकार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के वेतन/पेंशन में संशोधन करने के लिए आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन कब तक करेगी?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन करने के लिए जून, 2024 में दो अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

****